प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि योग दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। प्रधानमंत्री आज गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप–2026 में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने दुनिया भर के योग प्रेमियों को एकमंच पर लाने का काम किया है। उन्होंने इसे योगासन के वैश्विक खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और आयोजनकर्ताओं तथा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

मंत्रिमंडलीय उप–समिति

शिमला शहर, प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में भीड़ कम करने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप–समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कल शिमला में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी उपस्थित रहे। इस दौरान शिमला शहर में भीड़ कम करने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें भीड़–भाड़ वाले चिन्हित स्थानों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को उचित निर्देश दिए गए हैं। समिति ने शहर के भीतर ट्रैफिक में अवरोध और भीड़ का कारण बनने वाली मंडियों को शिमला के बाहर, नव–निर्मित फोरलेन सड़क मार्ग पर स्थित उपयुक्त स्थानों पर स्थानांतरित करने पर भी चर्चा की। बैठक में बीबीएन क्षेत्र में एक नई टाउनशिप योजना और चंडीगढ़ शहर की तर्ज पर एक सैटेलाइट टाउन की स्थापना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भूमि पूलिंग नीति को पंजाब जैसे अन्य राज्यों के अनुरूप तैयार करने का भी निर्णय लिया गया।

चंद्र कुमार

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के चलते 73 हजार से अधिक किसान परिवार प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं। ये जानकारी देते हुए कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने बताया कि किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति उत्साह बढ़ा है और उन्हें अपनी फसल का बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 732 किसानों से 6 करोड़ 40 लाख रूपये मूल्य की गेहूं और मक्की की फसल की खरीद की गई थी। जिसमें इस वर्ष चार गुणा से अधिक वृद्धि की उम्मीद है। चंद्र कुमार ने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती से बने उत्पादों के लिए अलग ब्रांड विकसित करने और ऑनलाइन प्लेटफार्म सहित बड़े विपणन नैटवर्क से जुड़ने की दिशा में काम कर रही है ताकि प्रदेश के ये उत्पाद देश–विदेश के लोगों तक ऑनलाइन माध्यम से पहुंचाए जा सके।

एमवाई भारत

युवा मामले व खेल मंत्रालय ने मेरा युवा भारत के माध्यम से विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम–2026 के पहले चरण का शुभारंभ किया है। यह एक अग्रणी युवा नेतृत्व वाली पहल है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर भागीदारी को सुदृढ़ करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और भारत के सीमावर्ती गांवों में सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम दो चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से कुल 500 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है, जिनमें से पहले चरण में 250 स्वयंसेवकों को हिमाचल, लद्दाख और उत्तराखंड के चिन्हित सीमावर्ती गांवों में दो चरणों में तैनात किया जा रहा है। किन्नौर जिला में 10 दिनों के लिए आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में 100 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जहां आज आईटीबीपी परिसर रिकांगपिओ में उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

आजीविका

हमीरपुर जिला के उपमंडल नादौन के बल्हडूहक गांव की अनु ने सिलाई–कढ़ाई के हुनर को आजीविका का साधन बनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। पुरानी सिलाई मशीन से शुरू हुआ उनका सफर आज उन्हें प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये की आय दिला रहा है। अनु अन्य महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए भी प्रेरित कर रही हैं.। जिला हमीरपुर से हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

चुनावी खर्च

प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत और जिला परिषद चुनावों के सभी उम्मीदवारों को अपने चुनावी खर्च का पूरा ब्योरा 30 जून तक निर्वाचन आयोग को देना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी उम्मीदवारों के लिए ये ब्यौरा अनिवार्य किया है। ऐसा न करने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाही की जा सकती है, जिसमें आयोग भविष्य के लिए इन्हें चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित कर सकता है।

शिवा परियोजना

एचपी शिवा परियोजना के तहत बागवानों को प्लम की खेती से जोड़ने का प्रयास सफल रहा है। बागवानी विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, सिंचाई सुविधा और बाजार से जोड़ने में सहायता दी जा रही है। जिसके तहत महाराष्ट्र की एक एग्री सप्लाई कंपनी के जरिए बल्ह और सुंदरनगर क्षेत्र के बागवानों द्वारा उगाया गया उच्च गुणवत्ता वाला प्लम महाराष्ट्र के बाजारों तक पहुंचाया गया है, जहां बागवानों को 150 रुपये से लेकर 230 रुपये प्रति किलोग्राम तक के आकर्षक दाम मिल रहे हैं।